माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

दिनांक : 3/8/24

पत्रांक : 2291 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2024–25

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय / संस्थानों में संचालित परम्परागत / व्यावसायिक एवं एन0ई0पी पाठ्यक्रमों की आन्तरिक / प्रयोगात्मक / मौखिक / प्रोजेक्ट परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षकों के नाम सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थानों को प्रेषित किये जा चुके हैं।

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षान्त समारोह 05 सितम्बर 2024 को होना प्रस्तावित है। अतः तत्काल समस्त परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने हैं। तत्पश्चात् सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता परीक्षार्थी को मेडल प्रदान किये जाने हेतु श्रेष्ठता सूची जारी की जानी है।

प्राचार्य / प्राचार्या से आन्तरिक / प्रयोगात्मक / मौखिक / प्रोजेक्ट परीक्षा सम्पन्न कराकर अतिशीघ्र पोर्टल पर अंक अपलोड किये जाने का अनुरोध किया गया था ताकि परीक्षा परिणाम ससमय घोषित किये जा सके।

अतः प्राचार्य / प्राचार्या से अनुरोध है कि सर्वप्रथम अन्तिम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा जून–2024 के समस्त पाठ्यक्रमों के आन्तरिक / प्रयोगात्मक / मौखिक / प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक दिनांक 08.08.2024 तक पोर्टल पर अपलोड कर हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा परिणाम घोषित कर श्रेष्ठता सूची नियमानुसार जारी की जा सके। ऐसे महाविद्यालय / संस्थान जिनके द्वारा आन्तरिक / प्रयोगात्मक / मौखिक / प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय में जमा नहीं किये जायेंगे उन महाविद्यालय / संस्थानों का परीक्षाफल रोक कर परीक्षाफल जारी कर दिया जायेगा, जिसका समस्त उत्तर दायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान के प्राचार्य / प्राचार्या का होगा।

भवदीय,

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. कुलसचिव।
2. उपकुलसचिव।
3. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध सम्बन्धित महाविद्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि आन्तरिक / प्रयोगात्मक / मौखिक / प्रोजेक्ट सम्पन्न कराकर अतिशीघ्र पोर्टल पर अंक अपलोड कराकर हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियन्त्रक